राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–263/2024

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना 25 दिसम्बर, 2024:– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पाटलिपुत्रा पार्क, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी माल्यार्पण किया तथा स्व० वाजपेयी जी के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति की गई।

....